अमर उजाला 31/07/2024

प्रतिस्पर्धा में एमएससी गणित बेहतरीन विकल्प : डॉ. रोहित

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में एमएससी गणित में दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि कॉलेज में एमएससी गणित का कोर्स पिछले 19 सालों से सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। यहां से पढ़ कर निकले विद्यार्थी आज सफलता की ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

यही नहीं अधिकतर विद्यार्थी तो सरकारी संस्थाओं में उच्च पदों पर आसीन हैं। गौरतलब है कि उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से एमएससी गणित में दाखिले के पंजीकरण की तारीख बढ़ा कर 30 जुलाई कर दी गई थी और संभावित रूप से एक अगस्त को दाखिले की पहली सूची जारी हो जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि एमएससी गणित के विद्यार्थियों के लिए विभागीय पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है, यहां से वे वर्ष भर के लिए विषय संबंधी पुस्तकें निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। यही नहीं गणित विषय में प्रयोग होने वाली कंप्यूटर की भाषा सी प्लस प्लस एवं मेटलैब को सीखने के लिए विशेष प्रकार की लैब की सुविधा भी उपलब्ध है। होनहार विद्यार्थियों को समय-समय पर छात्रवृत्ति भी दी जाती है।

डॉ. रोहित दत्त।

शिक्षण संस्थानों की तुलना में उचित और कम फीस में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर गणित के क्षेत्र में सपना साकार करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा मौका है।